प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई- 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai- 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

28 मार्च 2022

आरबीआई गवर्नर ने बीआरबीएनएमपीएल की वर्णिका स्याही निर्माण इकाई को राष्ट्र को समर्पित किया

श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने आज (28 मार्च 2022) मैसूर में भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल), आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की वर्णिका स्याही निर्माण इकाई को राष्ट्र को समर्पित किया। अपने संबोधन में, गवर्नर ने भारत में बैंकनोट उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में की गई पर्याप्त प्रगति की सराहना की। उन्होंने निकट भविष्य में बैंकनोट निर्माण में शत-प्रतिशत आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए निरंतर क्षमता निर्माण (लोगों, प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में), अनुसंधान और विकास और नवोन्मेष के महत्व पर जोर दिया।

बीआरबीएनएमपीएल ने बैंकनोटों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 1,500 मीट्रिक टन की वार्षिक स्याही निर्माण क्षमता के साथ वर्णिका की स्थापना की है। यह 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने वाला है। यह सुनिश्चित करता है कि बैंकनोट प्रिंटिंग स्याही की संपूर्ण मांग देश में ही निर्मित हो। यह इकाई कलर शिफ्ट इंटैग्लियो इंक (सीएसआईआई) भी बनाती है और भारत में बैंकनोट प्रिंटिंग प्रेसों की सभी मांगों को पूरा करती है, जिसके परिणामस्वरूप बैंकनोट स्याही उत्पादन में लागत दक्षता और आत्मनिर्भरता आई है। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के वार्निशों के निर्माण के लिए वार्निश प्लांट को चालू करने और स्वदेशी रूप से मध्यम और विशेष एडिटिव्स के उत्पादन से मुद्रा पारिस्थितिकी तंत्र को लागत दक्षता और कम आयात निर्भरता के दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिली है।

यह बैंक नोटों की छपाई में उपयोग किए जाने वाले सभी महत्वपूर्ण और प्रमुख कच्चे माल का निर्माण के लिए पूर्ण आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में भारत के अभियान के अनुरूप है।

इस समारोह में श्री जोस जे कट्टूर, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, श्री मानस रंजन मोहंती, प्रबंध निदेशक, बीआरबीएनएमपीएल, श्री के.जी विश्वनाथन, प्रबंध निदेशक, बीएनपीएमआईपीएल, मैसूर में विभिन्न संगठनों के प्रमुख, सरकारी विभागों और एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी, बीआरबीएनएमपीएल और बीएनपीएमआईपीएल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1921